4. प्रोजेक्ट पैकेज योजना (आई०एच०बी०डी० सहित)	112.70	—	15.00
5. प्रोसेसिंग सुविधाओं का सृजन	20.00	—	—
6. कल्याणकारी पैकेज योजना	—	—	13.00
7. स्वास्थ्य पैकेज योजना	—	—	9.97
कुल :	132.70	—	100.97

गैर-योजना

1. जनता कपड़े पर सब्सिडी	409.54	475.93	291.07
2. हथकरघा कपड़े पर विशेष छूट	—	—	2.21
कुल :	409.54	475.93	293.29
कुल योग	542.24	475.93	394.25

बिहार के हथकरघा बुनकरों के लिये कल्याण योजनाएं

2214. **श्री एस. एस. अहलुवालिया :** क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने राज्य सरकार के सहयोग से बिहार के हथकरघा बुनकरों के लिए कोई कल्याणकारी योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) सरकार बिहार के हथकरघा बुनकरों के कल्याण के लिए क्या कदम उठाने का विचार रखती है ?

वेंकटवस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जी० स्वामी) : (क) जी हां

(ख) राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर बिहार सरकार को वर्ष 1992-93 के दौरान कार्यशाला-सह-आवास स्वास्थ्य पैकेज योजना और थ्रिफ्ट फंड योजना जैसी कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत सहायता जारी की गई वर्ष 1993-94 के दौरान स्वास्थ्य पैकेज योजना और कार्यशाला सह-आवास योजन के अंतर्गत सहायता जारी की गई है

(ग) और (घ) प्रश्न नहीं उठता

हथकरघा क्षेत्र के लिए राज्य सरकारों को धनराशि का दिया जाना

2215. **श्री रामसिंह राठवा :** क्या वस्त्र, मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1992-93 में सरकार ने राज्यों को हथकरघों